**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**

(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29.

फा.सं.4-1/2020-हिं.अ. दिनांक: 04.02.2020

**आदेश**

**विषय: भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना के अन्तर्गत अनिवार्य हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण हेतु संस्थान के कर्मचारियों का नामांकन।**

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, हिंदी शिक्षण योजना के दिनांक 19 नवम्बर, 2019 के पत्र सं.13/1/2019/उ.नि.(टं./आ.)/3845-4545 के अनुपालन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा संस्थान के विभिन्न विभागों/अनुभागों/केन्द्रों में कार्यरत निम्नलिखित 11 कर्मचारियों को हिंदी टंकण का अनिवार्य प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु नामित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गई है:-

**हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित कर्मचारीगण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री जितेन्द्र बहल, कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी | परीक्षा अनुभाग |
| 2 | श्री प्रेमनाथ कुमार राठौर, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | परीक्षा अनुभाग |
| 3 | सुश्री प्रियंका पाण्डे, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | नर्सिंग कॉलेज |
| 4 | सुश्री मन्जु आनन्द, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | सूक्ष्म जैव विज्ञान विभाग |
| 5 | श्री मंटू कुमार, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | स्था.अनु. (हृद् तंत्रिका केन्द्र) |
| 6 | श्री राहुल कुमार, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | स्थापना अनुभाग (नि.का.) |
| 7 | श्री जय प्रकाश मीणा, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक | त्वचा एवं रतिजंरोग विज्ञान |
| 8 | श्री दिनेश कुमार-II, सुरक्षा सह अग्नि गार्ड | सुरक्षा विभाग |
| 9 | श्री कुन्दन सिंह रावत, कार्यालय परिचर | छात्रावास अनुभाग |
| 10 | श्री रविन्द्र कुमार, मसालची/बेयरर | कैफेटेरिया |
| 11 | सुश्री आरती, पशु गृह परिचर | पेंशन अनुभाग |

सत्र फरवरी, 2020 से प्रारंभ होने वाले हिंदी टंकण प्रशिक्षण की अवधि 6 माह की है। यह प्रशिक्षण कार्य दिवसों में (शनिवार को छोड़कर) ही दिया जाएगा और कक्षाएं कार्यालय समय में 01 घंटे प्रतिदिन होंगी। नियमित कक्षाएं 18 फरवरी, 2020 से आरम्भ होंगी।

इन सभी कर्मचारियों को आर.के. पुरम स्थित टंकण प्रशिक्षण केन्द्र तक सार्वजनिक वाहन द्वारा आने-जाने का वास्तविक मार्ग व्यय देय होगा।

उपर्युक्त सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण अवधि में कक्षा में उपस्थित होना व उसकी समाप्ति पर परीक्षा में बैठना अनिवार्य है और कक्षा में गैर-हाजिरी को कर्त्तव्य की अवहेलना माना जाएगा। भारत सरकार के निदेशानुसार हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित उपर्युक्त कर्मचारियों के लिए कोई एवजी (सब्स्टिट्यूट) नहीं दिया जाएगा।

जारी-2/-

संबद्ध केन्द्र-प्रमुख/विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण से यह भी अनुरोध है कि कृपया हिंदी टंकण/ आशुलिपि प्रशिक्षण हेतु नामित कर्मचारीगण को प्रशिक्षण कक्षाओं में जाने के लिए छोड़ने से इनकार न किया जाए।

अतः सम्बद्ध कर्मचारियों को, एतद्द्वारा, निदेश दिया जाता है कि वे दिनांक 13.02.2020 को प्रातः 10.00 बजे हिंदी टंकण प्रशिक्षण में प्रवेश पाने के लिए प्रशिक्षण केन्द्र के सहायक निदेशक से निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:-

प्रशिक्षण स्थल का पता:

सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि)
हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण केन्द्र
कमरा नं. 106, लेवल-1, पूर्वी खण्ड-II
आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066.

सम्बद्ध कर्मचारीगण को यह भी निदेश दिया जाता है कि वे उक्त प्रशिक्षण केन्द्र में नामांकन प्राप्त करने हेतु हिंदी अनुभाग से मार्गदर्शन प्राप्त करें और प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश प्राप्त करने के तुरन्त बाद इस आशय की सूचना हिंदी अनुभाग को दें ताकि आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

(देव नाथ साह)
**मुख्य प्रशासन अधिकारी**

**वितरण:** सभी सम्बद्ध कर्मचारीगण।
**द्वारा:** संबंधित विभाग/अनुभाग/केंद्र।

**प्रतिलिपि:**

- निदेशक/ संकायाध्यक्ष (शैक्षिक/ अनुसंधान/ परीक्षा)/ चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
- उप-निदेशक(प्रशासन)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
- उप-सचिव एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
- विभागाध्यक्ष, सूक्ष्म जैवविज्ञान विभाग/त्वचा एवं रतिजरोग विज्ञान विभाग।
- मुख्य सुरक्षा अधिकारी।
- मुख्य प्रशासन अधिकारी/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
- प्रधानाचार्या, नर्सिंग कॉलेज।
- प्रशासन अधिकारी (नि.का.)/हृद् तंत्रिका केन्द्र
- लेखा अधिकारी, पेंशन अनुभाग।
- वरिष्ठ वार्डन, छात्रावास अनुभाग।
- महाप्रबंधक, कैफेटेरिया।
- संयुक्त निदेशक (टंकण/आशुलिपि), हिंदी शिक्षण योजना, ईस्ट ब्लॉक-7, लेवल-6, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066.
- सम्बद्ध कर्मचारीगण की वैयक्तिक मिसिल।
- उप-निदेशक, कंप्यूटर सुविधा : इस अनुरोध के साथ कि कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।

प्राप्त किया / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
- 4 FEB 2020
समय / Time........
अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली / A.I.I.M.S., New Delhi